एसकेआरएयू में होगा ड्रोन पायलट ट्रेनिंग सेंटर स्थापित

एसकेआरएयू के कुलगुरू डॉ. अरूण कुमार व पीबीसी भारत ड्रोन की ओर से प्रणव चित्ते, जाग्रत झांभ, मुकुल झांभ ने एमओयू साइन किया।

बीकानेर, (कासं)। किसानों की आय बढ़ाने तथा युवाओं को कृषि की नई तकनीक से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक और अहम कदम बढ़ाते हुए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में ड्रोन पायलट ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जायेगा। विश्वविद्यालय ने इस प्रशिक्षण के लिए पीबीसी भारत ड्रोन्स के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

- एसकेआरएयू ने पीबीसी भारत ड्रोन्स के साथ एमओयू साइन किया
- ड्रोन से फसलों में खाद एवं कीटनाशक का छिड़काव आसान होगा

विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. अरूण कुमार की उपस्थिति में संपन्न एमओयू में पीबीसी भारत ड्रोन्स की ओर से प्रणव चित्ते, जाग्रत झांभ, मुकुल झांभ एवं अभयजीत सिंह तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित थे। निदेशक अनुसंधान डॉ. विजय प्रकाश ने बताया कि इस सेंटर की स्थापना से कृषि में ड्रोन तकनीक का व्यापक उपयोग संभव होगा। ड्रोन से फसलों की निगरानी, खाद एवं कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव और फसल स्वास्थ्य की जांच और भी आसान तथा तेज़ हो सकेगी। इससे लागत में कमी आयेगी तथा उत्पादकता में वृद्धि होगी, जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव किसानों की आय पर होगा। यह तकनीक खेती को और सुरक्षित, आधुनिक एवं पर्यावरण हितैषी बनायेगी। वित्त नियंत्रक पवन कस्वां ने कहा कि इस समझौते से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में किसानों को मदद मिलेगी तथा विश्वविद्यालय की आय में वृद्धि हो सकेगी।

ड्रोन पायलट ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास और आयु 18 वर्ष से अधिक निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा न केवल कृषि में बल्कि औद्योगिक, रक्षा, आपदा प्रबंधन और निगरानी जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं स्टार्टअप्स स्थापना में भी प्रोत्साहन मिलेगा।

कुलगुरू डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि ड्रोन कृषि तकनीक हस्तांतरण में यह सेंटर मील का पत्थर साबित होगा। विश्वविद्यालय कृषि की नई तकनीक किसानों तक पहुंचाने के लिए सतत् रूप से काम कर रहा है। पीबीसी भारत ड्रोन्स के प्रतिनिधि ने बताया कि इस एमओयू का उद्देश्य युवाओं तथा किसानों को ड्रोन तकनीक में दक्ष बनाते हुए उन्हें रोजगार प्राप्त करने योग्य बनाना है। बीकानेर में यह सेंटर शुरू होने से पश्चिमी राजस्थान के युवाओं और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उपनिदेशक प्रसार शिक्षा डॉ राजेश वर्मा ने सभी अतिथियों और कंपनी के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

जेठा भुट्टा पीर बाबा का सालाना उर्स 15 को

बीकानेर, (कासं)। गजनेर पैलेस झील स्थित जेठा भुट्टा पीर बाबा दरगाह के खादिम मौलाना चिराग मोहम्मद ने मंगलवार को बताया कि जेठा भुट्टा पीर का सालाना उर्स आगामी 15 सितम्बर को गजनेर पैलेस झील स्थित दरगाह के आस पास के क्षेत्र में भरा जायेगा।

14 सितम्बर की शाम को बीकानेर व आस पास गांवों से जायरीनों की रवानगी होगी, जो कि 15 सितम्बर को दिनभर गजनेर में रहकर दरगाह की जायरत करते रहेंगे। चिराग मोहम्मद ने बताया कि हमेशा की तरह इस बार भी पीर बाबा की मजार पर पूर्व राज परिवार की ओर से तारा-सितारा से जड़ी चादर चढ़ाने के साथ उर्स का आगाज होगा। अभी उर्स शुरू होने से पहले एचआरएच ग्रुप गजनेर पैलेस होटल द्वारा हर साल की तरह इस बार दरगाह का रंग-रोगन का कार्य करवाने में जुट गया है।

साथ ही इस ग्रुप द्वारा दरगाह के बाहर जायरीनों के लिये शर्बत सहित शीतल पेयजल की व्यवस्था की जाती है। गजनेर सरपंच गीता देवी प्रजापत ने बताया कि मेले में जायरीनों को परेशानी का किसी भी तरह का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा हर साल की तरह इस बार भी माकूल व्यवस्था की जायेगी। वहीं दूसरी ओर उर्स के अवसर पर कोलायत सीओ, कोलायत उपखंड अधिकारी, गजनेर सरपंच गीता, पर्यटन विभाग से जुड़े बैंक कर्मचारी नेता सुनील दत्त नागल, भाजपा नेता अनिल पाहूजा, देशनोक भाजपा नेत्री शांति देवी चौहान, बीकानेर मेडिकल एसोसिएशन के सचिव किसन आदि।

श्रीगंगानगर से दादर के लिए ट्रेन शुरू

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगानगर से मुंबई के दादर स्टेशन के लिए मंगलवार, 26 अगस्त को पहली द्वि साप्ताहिक ट्रेन रवाना हुई। ट्रेन संख्या 12489 श्रीगंगानगर से मंगलवार और शनिवार को सुबह 9:50 बजे चलेगी। यह अगले दिन दोपहर 12:50 बजे दादर पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 12490 दादर से बुधवार और रविवार को दोपहर 3 बजे रवाना होगी। यह अगले दिन शाम 5:55 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने यह जानकारी दी। इस ट्रेन में कुल 22 डिब्बे होंगे। इनमें 2 सैकंड एसी, 7 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनॉमी, 5 स्लीपर, 4 जनरल कोच और 2 पावर कार शामिल हैं। ट्रेन का रूट श्रीगंगानगर से श्रीकरणपुर, रायसिंहनगर, लूणकरनसर और सूरतगढ़ होते हुए बीकानेर जंक्शन तक जायेगा। फिर नागौर, मेड़ता रोड जंक्शन से होते हुए जोधपुर जंक्शन पहुंचेगी। इसके बाद समदड़ी, मोकलसर, जालौर से गुजरते हुए गुजरात में प्रवेश करेगी। अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत होते हुए मुंबई के बोरीवली और अंत में दादर पहुंचेगी।

पहली ट्रेन की रवानगी पर डीआरयूसीसी सदस्य सुनील अग्रवाल और स्टेशन अधीक्षक नागेन्द्र प्रताप सिंह समेत कई रेल अधिकारी मौजूद थे। गार्ड और लोको पायलट को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर ट्रेन को रवाना किया गया। इस ट्रेन के चलने से श्रीगंगानगर के लोगों को फायदा होगा।

सार-समाचार

110 बस-ट्रक चालकों की नेत्र जांच

खारा टोल नाके पर नेत्र चिकिसा शिविर में ट्रक चालकों की आंखों की जांच की।

बीकानेर, (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई और एएसजी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को खारा टोल नाका, जामसर पर नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध ने बताया कि 40 वे राष्ट्रीय नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े के दौरान आयोजित इस शिविर में 110 बस-ट्रक व अन्य वाहन चालकों की नेत्र जांच की गई। इनमें से 11 वाहन चालकों को मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई। वहीं 35 व्यक्तियों को चश्मे के नंबर जांच कर दिए गए। उन्होंने बताया कि शिविर में लाभार्थियों को नेत्रदान के महत्व तथा प्रक्रिया के बारे में बताया गया और नेत्रदान की शपथ भी दिलाई गई। डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ लोकेश गुप्ता ने बताया कि जिला कलेक्टर बीकानेर द्वारा रोड सेफ्टी के नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए विभिन्न दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में वाहन चालकों की नेत्र जांच को भी प्राथमिकता देते हुए यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एएसजी नेत्र चिकित्सालय की ओर से नेत्र तकनीशियन सलमान खान, मुंतजिर खान, पवित्र शर्मा तथा हरेन्द्र गोयल द्वारा सेवाएं दी गई।

'गुरू वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम

सरस्वती शिक्षा भारती उ. मा. वि. बंगलानगर में 'गुरू वंदन छात्र अभिनंदन' में शिक्षकों व विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

बीकानेर, (कासं)। भारत विकास परिषद, बीकाणा इकाई द्वारा आज सरस्वती शिक्षा भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय, बंगलानगर में परिषद का राष्ट्रीय प्रकल्प गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीकाणा इकाई अध्यक्ष नरेश खत्री ने बताया कि शिष्य के जीवन में कठिनाई रूपी अंधियारा गुरू के आशीर्वाद से दूर हो जाता है। इसलिए गुरू का स्थान भगवान से भी ऊपर होता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वास्तु सलाहकार आर. के. सुथार, पूर्व पार्षद माणक लाल कुमावत, कार्यक्रम अध्यक्ष नरेश खत्री, लक्ष्मी नारायण व्यास, घीसू सिंह प्रधानाचार्य ने भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विशिष्ट अतिथि वास्तु सलाहकार आर. के. सुथार एवं पूर्व पार्षद माणक लाल कुमावत ने भारत विकास परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए गुरू एवं शिष्यों के संबंधों का महत्व बताया। पर्यावरण संयोजक कौशलेश गोस्वामी एवं कार्यक्रम प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कर्ष कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक घीसूसिंह के अनुसार कार्यक्रम में होनहार विद्यार्थियों के रूप में हिमांशी व्यास व विजय मारू को खेल क्षेत्र में, मोनिका, अतुल खत्री, खुशबू प्रजापत को श्रेष्ठ विद्यार्थी के रूप में, रितेश नंदिनी को लोक कला एवं लोकगीत के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। लक्ष्मी नारायण व्यास ने बताया कि श्रेष्ठ गुरूजनों के रूप में हिना नांगल, ठाकुरदास स्वामी, लक्ष्मी कश्यप, प्रतीक आचार्य, ज्योति सुथार आदि गुरूओं का गुरू वंदन विद्यार्थियों के द्वारा चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सुमन छाजेड़ ने 11 सुझाव रखे

बीकानेर, (कासं)। जयपुर में 'विकसित राजस्थान 2047' के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सांसद-विधायक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बीकानेर के सांसद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की व्यस्त कार्यक्रमों के बीच में भी बीकानेर के सांसद सेवा केन्द्र में लगातार जनसुनवाई करते हैं। संवाद कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, विधायक विश्वनाथ मेघवाल, ताराचंद सारस्वत, अंशुमान सिंह, विधायक प्रत्याशी बिहारी लाल विश्नोई, संतोष बावरी, शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़, देहात अध्यक्ष श्याम पंचारिया शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम के बाद बीकानेर शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर बीकानेर के विकास कार्यों के लिए 11 सुझाव रखे। शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने भजनलाल शर्मा को इस तरह के नवाचार के लिए भी धन्यवाद दिया। बीकानेर शहर के विकास के लिए सुझाव दिये जिनमें कहा कि जैसलमेर रोड से जोधपुर रोड रिंग रोड़ का निर्माण किया जाए जिससे बीकानेर के आंतरिक और बाहरी मार्गों पर यातायात की सुविधा रहे। शहर में नालों और सीवरेज के बीच से निकली हुई पानी की पाइप लाइनों को शिफ्ट किया जाना चाहिए। डेयरियों के लिए जमीन आवंटित की जाए। शहर की मुख्य सड़कों और सीवर संबंधित कार्य किए जाने की आवश्यकता है। सुमन छाजेड ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद में कहा कि बीकानेर शहर में जरा सी बरसात होते ही शहर में पानी भर जाता है।

मुम्बई जैसा कैंसर सेंटर पीबीएम में विकसित करने की कवायद

बीकानेर, (कासं)। देश के 13वें आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर रिसर्च सेंटर पर मुम्बई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल जैसी उच्च स्तरीय उपचार की सुविधाएं विकसित करने की कवायद शुरू हो गई है। इस सिलसिले में मुम्बई से विशेषज्ञों के एक दल ने कैंसर हॉस्पिटल का बारीकी से जायजा लिया। टाटा की टीम ने खास तौर पर कमियों को चिन्हित किया, जिसकी वजह से मरीजों को बेहतर उपचार नहीं मिल रहा।

- मुम्बई से विशेषज्ञों के एक दल ने कैंसर हॉस्पिटल का बारीकी से जायजा लिया
- नए डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को टाटा मेमोरियल में ट्रेनिंग देने पर टीम ने सहमति भी दे दी

मसलन लिनियर एस्सीलेटर मशीन एक ही है। उसकी लाइफ भी पूरी हो चुकी है। मशीन के खराब होने पर मरीजों को पेरशानी होती है। नई मशीन की जरूरत बताई गई। इसी प्रकार पेट सीटी स्कैन और गामा की जांच का काम ठेके पर दिया हुआ है। टाटा के विशेषज्ञों ने हॉस्पिटल परिसर में ही इस सुविधा को विकसित करने की बात कही। इससे मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी तरह की सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी। पैथोलॉजी विभाग को डवलप करने पर बात हुई।

रेडियोडायग्नोसिस, रेडियोथैरेपी, सर्जिकल ओंकोलॉजी, मेडिकल ओंकोलॉजी, पैलिएटिव केयर यूनिट और बोनमैरो ट्रांसप्लांट पर विस्तार से चर्चा की। सुखद बात ये है कि बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए नए डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को टाटा मेमोरियल में ट्रेनिंग देने पर टीम ने सहमति भी दे दी है। टीम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को भी फीडबैक दिया।

जानकारों के अनुसार बीकानेर में कैंसर के उच्च स्तरीय उपचार और जांच की सुविधाएं विकसित करने के लिए यह टीम एक गोपनीय रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसे एटॉमिक एनर्जी बोर्ड के जरिए केन्द्र सरकार को भेजा जायेगा। टीम में डीन (एकेडमिक) डॉ. के. एस. शर्मा, प्रो. वीरेन्द्र कुमार तिवाड़ी, प्रो. अमित कुमार जानू, डॉ. गुंचा माहेश्वरी तथा डॉ. सुमित गुजराल शामिल थे। पीबीएम अस्पताल में वर्ष 1940 में कैंसर विभाग की स्थापना हुई और यहां कोबाल्ट थैरेपी मशीन स्थापित की गई। वहीं मुंबई में वर्ष 1941 में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल की स्थापना हुई थी।

सात महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। नोखा क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जसरासर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में 7 महीने से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान मनोज गोदारा के रूप में हुई है। वह देशनोक थाना क्षेत्र के बरसिंहसर का रहने वाला है। यह मामला 5 जनवरी 2025 का है। जब देशनोक थानाधिकारी ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। 6 जनवरी को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच जसरासर थानाधिकारी संदीप कुमार को सौंपा गई थी। इस मामले में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, लेकिन मादक पदार्थ सप्लायर मनोज गोदारा फरार हो गया था। डीएसपी हिमांशु शर्मा की निगरानी में थानाधिकारी संदीप कुमार की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

भूरासर वितरिका में पानी बंद, किसानों का हंगामा

बीकानेर, (कासं)। इंदिरा गांधी नहर की भूरासर वितरिका में पानी का रेगुलेशन अचानक बंद होने से किसानों ने आक्रोश जताया। नाराज किसानों ने 860 हैड पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। नहर प्रशासन के आला अधिकारी अब किसानों को संतुष्ट करने में जुटी है।

- भूरासर वितरिका की बारी 22 से 30 अगस्त तक चलनी थी, नहर विभाग ने बीच में ही बंद कर दी
- किसानों की फसल खराब होने की नौबत आ गई

मुख्य नहर से निकलने वाली भूरासर नहर में सिंचाई पानी की वरीयता के दौरान बीच में ही पानी बंद कर देने से किसान आक्रोशित हो गए तथा आक्रोशित किसानों ने आरडी 860 हैड पर धरना लगा दिया व नहर विभाग के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। भूरासर वितरिका की बारी 22 से 30 अगस्त तक चलनी थी लेकिन नहर विभाग ने भूरासर वितरिका को बीच बारी में ही बंद कर दिया। जिससे किसानों की फसल खराब होने की नोबत आ गई है।

क्योंकि क्षेत्र में बारिश भी नहीं हुई है। जिसके चलते अब नहर में पानी बंद होने से चिंतित हो गए। अब खेतों में खड़ी फसलें पानी के अभाव में बर्बाद हो जायेगी। कांग्रेस नेता श्याम सिंह भाटी बरसलपुर ने सिंचाई पानी की समस्या को लेकर एसडीएम बज्जू, आईजीएनपी के चीफ इंजीनियर विवेक गोयल, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित नहर विभाग के अधिकारियों को फोन पर बात करके नहर खोलने की मांग की।

अवैध मांस की दुकानें हटाने की मांग

नोखा, (कासं)। नोखा में कर्मचारी कॉलोनी वार्ड नंबर 27 की समस्याओं को लेकर सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद और स्थानीय निवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

- नोखा में कर्मचारी कॉलानी वार्ड नंबर 27 के निवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, आंदोलन की चेतावनी दी

वार्डवासियों ने बताया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के पीछे की फुट गली पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। इसे कब्रिस्तान में मिलाने का प्रयास हो रहा है। तहसील रोड पर अवैध रूप से मांस की दुकानें और रेस्टोरेंट चल रहे हैं। इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है।

स्थानीय लोगों ने धार्मिक स्थल पर लगे नए और तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों से होने वाली परेशानी का भी जिक्र किया। उन्होंने विधि सम्मत कार्रवाई की मांग की है। वार्डवासियों ने चेतावनी दी कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर विहिप, वार्डवासी और हिन्दू समाज मिलकर आंदोलन करेंगे। उपखण्ड अधिकारी ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में श्रवण सिंह, भवानी सिंह, गजेन्द्र सिंह, रवि बंजारा समेत कई वार्डवासी मौजूद थे। विहिप के जिला मंत्री सतीश झंवर, रेवंतराम छिम्पा, जयकरण चारण और गजानंद उपाध्याय सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

क्रिकेट में जय भवानी स्कूल चैम्पियन

नोखा, (कासं)। भगवान महावीर सीनियर सैकण्डरी स्कूल में 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत तहसील स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला जय भवानी स्कूल और एसएल मेमोरियल स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में जय भवानी स्कूल ने विजय हासिल की।

क्रिकेट टूर्नामेंट में रामस्वरूप को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मोहित चौधरी मैन ऑफ द सीरीज बनें। ओजस को बेस्ट बल्लेबाज और रामस्वरूप को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। समापन समारोह में नोखा के एसडीएम गोपाल जांगिड और सीओ हिमांशु शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्रवण और कैलाश बिश्नोई ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

खाजूवाला मंडी की दुकान से चार क्विंटल तांबा चोरी

बीकानेर, (कासं)। जिले के खाजूवाला में चोरी की वारदात बढ़ती जा रही है। लाखों रूपये के मोबाइल चोरी का खुलासा होने के अगले ही दिन चोरों ने फिर एक मार्केट से करीब पांच लाख रूपए का तांबा चोरी कर लिया। चोरी की ये घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस चोरों का पता लगा रही है।

- चोरी की ये घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई
- फुटेज में छह चोर दुकान का शटर हाथों से तोड़ते व सामान बाहर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं

चोरों ने खाजूवाला मंडी स्थित एक इलेक्ट्रोनिक शॉप को निशाना बनाया और यहां से करीब चार क्विंटल तांबे की तार चोरी कर ली। सीसीटीवी फुटेज से पता चल रहा है कि यह घटना देर रात लगभग 2 बजे की है। चोरों की पूरी वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज में करीब छह चोर दुकान का शटर हाथों से तोड़ते हुए और सामान बाहर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी में दिख रहा है कि एक चोर से ये ताला नहीं टूटा तो दूसरे ने आकर ताला तोड़ने में मदद की। इसके बाद बड़ी तसल्ली से एक दुकान का सामान बाहर निकालकर लाए। भारी भरकम तांबा बाहर निकालते समय कोई भी राहगीर यहां से नहीं गुजरा। ऐसे में चोरों ने पहले सारा सामान बाहर एकत्रित किया और बाद में इसे एक वाहन में डालकर ले गए।

जिस दुकान में चोरी हुई है, वो एक मार्केट में स्थित है। जहां पहले मार्केट का ताला तोड़ा गया और बाद में मार्केट की इस दुकान का शटर तोड़ा गया। इतने शोर शराबे के बाद भी किसी को चोरी का अहसास नहीं हुआ। इससे पहले खाजूवाला मार्केट में स्थित मोबाइल दुकान में भी चोरी हुई। तब भी किसी को भनक नहीं लगी और चोर लाखों रूपए के मोबाइल और चार्जर लेकर फरार हो गए।

गोद लेने से गांवों के विकास का नया मार्ग प्रशस्त हो रहा है : विश्राम मीणा

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा गोद लिए गए गांव पेमासर में मंगलवार को कम्प्यूटर साक्षरता प्रशिक्षण एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा गांवों को गोद लेने से इन गांवों के विकास का नया मार्ग प्रशस्त हो रहा है। एसकेआरएयू द्वारा पेमासर में संचालित विभिन्न गतिविधियों की सराहना करते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने में तकनीक का अहम योगदान है। उन्नत कृषि तकनीक व प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से किसानों को आय सृजन के नये अवसर मिल सकेंगे।

एसकेआरएयू द्वारा गोद लिए गांव पेमासर में कम्प्यूटर साक्षरता प्रशिक्षण में छात्राओं को कम्प्यूटर के बारे में जानकारी दी।

- एसकेआरएयू द्वारा गोद लिए गांव पेमासर में कम्प्यूटर साक्षरता प्रशिक्षण आयोजित

मीणा ने कहा कि कम्प्यूटर साक्षरता वर्तमान शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है। खेती, पशुपालन, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने सहित अन्य जानकारी कम्प्यूटर के माध्यम से घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामीण युवा, किसान और विशेष तौर पर विद्यार्थी कम्प्यूटर सीखें और अपने जीवन में सफलता के नये सोपान हासिल करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नौकरी, स्वरोजगार तथा उद्यमिता कम्प्यूटर दक्षता से ही सफल हो सकेगी। उन्होंने गांव की बालिका सिमरन को नर्सिंग ऑफिसर के रूप में चयन होने पर बधाई देते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। संभागीय आयुक्त ने ग्रामीणों से अधिकाधिक पेड़ लगाने तथा उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लेने का भी आव्हान किया। कुलगुरू डॉ अरूण कुमार ने कहा कि पेमासर को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय तथा प्रशासन द्वारा समन्वित प्रयास किए जायेंगे।

लूट का एक और आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। पुलिस ने लूटपाट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी राणा दास उर्फ डडू को हिरासत में लिया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 3 अगस्त 2025 को प्रवीण कुमार शनि मंदिर से अपने घर सेतिया फॉर्म जा रहे थे। मुखर्जी नगर के पास दो युवकों ने उनकी मोटरसाइकिल रोक ली। आरोपियों ने धमकाकर उनसे 6,400 रूपए और आधार कार्ड छीन लिया। पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया।

तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर की सूचना के आधार पर राणा दास को गिरफ्तार किया गया। वह सुखवंत पैलेस के पास वार्ड नंबर 15 का रहने वाला है। इस मामले में दूसरा आरोपी सूरज पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। राणा दास का आपराधिक रिकॉर्ड लम्बा है। उस पर चोरी, लूटपाट और हथियार रखने के चार अलग-अलग मामले दर्ज हैं।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 26.08.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यास योजना मॉडल टाऊन प्रथम भूखण्ड संख्या D-13 (Cornor) भूखण्ड माप 32'-10" X 64'-0" Feet का 99 सालाना आवासीय पट्टा संख्या 165 दिनांक 22.05.2017 द्वारा श्री हंसराज पुत्र श्री बनवारी लाल निवासी 12 भारद्वाज कॉलोनी, श्रीगंगानगर (राज.) के नाम से नामान्तरण आदेश जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। मिश्रित भू-उपयोग में वाणिज्यिक भू-उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान। जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। **उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ** भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियां पर विचार नहीं किया जावेगा। Rajkaj Ref. No. 17380107 - **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 25.08.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 5 एमएल मुरब्बा नं. 54 के किला नं. 19 में माप 30 इन्टू 52.6 फीट भूखण्ड संख्या ए-11, श्रीनाथ होम्स, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 14124 दिनांक 22.03.2022 को श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री ताराचन्द के नाम से नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा जारी किया हुआ है। श्रीमती सुमन पत्नी श्री महावीर प्रसाद द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 15 इन्टू 52.6 फीट (पश्चिमी हिस्सा) एवं श्री राहुल मित्तल पुत्र श्री सुभाष चन्द्र मित्तल द्वारा माप 15 इन्टू 52.6 फीट (पूर्वी हिस्सा) जरिये पंजीकृत बैयनामा द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टे एवं पंजीकृत बैयनामों का समर्पण कर फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 17358752 - **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4332 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 26.8.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री संदीप निवासी मकान नम्बर 26, विकास नगर, चहल चौक, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 किला नं. 19 भू.सं. 58 माप 15 इंटू 50 फीट रामदेव कॉलोनी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 30 दिनांक 09.04.202 को श्री जेठाराम पुत्र श्री बलरंग लाल के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री संदीप निवासी मकान नंबर 26, विकास नगर, चहल चौक, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 23.10.2019 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री संदीप निवासी मकान नम्बर 26, विकास नगर, चहल चौक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियादि प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/620 - **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**